an>

Title: Regarding upgradation of National Highways in Chhattisgarh.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। छत्तीसगढ़ राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग, खासतौर से रायपुर से जगदलपुर बस्तर करीबन तीन सौ किलोमीटर का जो राष्ट्रीय राजमार्ग है, वह बहुत ही जर्जर है। वहां उन्नयन नहीं होने से लगातार एक्सीडेंट्स वगैरह और दुर्घटनाएं होती हैं। खासतौर से कांकेर जिला मुख्यालय में भी सड़क के बीचोंबीच राष्ट्रीय राजमार्ग जाने से वहां पर बाईपास सड़क का निर्माण भी किया जाना है, वह हो नहीं पाया। उसकी भी स्वीकृति होनी है। उसके आगे केशकाल घाटी है, उस घाटी में भी हमेशा गाड़ियों का काफिला जाम होता है, जिसके कारण से वहां चार-पांच घंटे तक जाम रहता है। उसका उन्नयन बहुत जरूरी है। रायपुर से जगदलपुर तक रेलवे लाईन भी नहीं है, इसलिए यह सड़क बहुत जरूरी है।...(व्यवधान) इस सड़क का निर्माण जनहित में बहुत जरूरी है।...(व्यवधान) इसलिए बजट में प्रावधान करके इस सड़क का निर्माण कराया जाए।